Title: Need to send a Central team to assess the damage caused to crops due to hailstorm in Rajasthan and provide adequate funds for providing relief to the people affected by it -Laid.

SHRI NARENDRA BUDANIA (CHURU):

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के प्रधान मंत्री एवं कृषि मंत्री महोदय का ध्यान राजस्थान की ओर आकर्षित करना चाहता हूं और उनके ध्यान में लाना चाहता हूं कि राजस्थान राज्य मेरा संसदीय क्षेत्र ज्यादातर सूखे के कारण अकालग्रस्त रहता है, लेकिन इस बार न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र में बल्कि सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश में बेमौसम की तेज बारिश आई, बहुत तेज गति से आंधी चली और भयंकर ओलावृष्टि हुई, जिसके कारण सम्पूर्ण राजस्थान के किसानों की फसल चौपट हो गई । फसल चौपट होने से किसान बर्बाद हो गया और आज उसे खाने के लाले पड़े हुए हैं राजस्थान का किसान तो सिंचित क्षेत्र न होने के कारण पहले से ही दयनीय स्थिति में रहता है, लेकिन मौजूदा ओलावृष्टि ने तो किसान की कमर ही तोड़ दी है और इन हालात में जूझने में किसान पूरी तरह से अपने को असमर्थ पा रहा है ।

मेरा आपसे माध्यम से सरकार से आग्रह है कि वह राजस्थान में हाल में हुई भयंकर ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए तुरन्त एक केन्द्रीय अध्ययन दल भेजे और अध्ययन दल की रिपोर्ट आने से पहले किसानों को फौरी सहायता प्रदान करने हेतु अविलम्ब राहत राशि दी जाए तथा रिपोर्ट आने पर नुकसान के आधार पर उनकी भरपाई की जाए ।